दिनांकः 03.09.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत देशभर में अब तक 52 करोड़ से अधिक पौधे लगाये जा चुके हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में वन पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि यह अभियान एक और मील का पत्थर साबित हुआ है। गौरतलब है कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अभियान की शुरुआत की थी। श्री मोदी ने सभी से अपनी मां के प्रति श्रद्धा के लिए एक पेड़ लगाने का आह्वान किया था।

इधर, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव आज अलवर शहर में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं। उन्होंने केडलगंज में व्यापारिक संघ द्वारा आयोजित अभिनन्दन समारोह में शिरकत की। इसके बाद कटीघाटी स्थित नगर वन का उद्घाटन भी किया। वे शाम को मिनी सचिवालय में सरिस्का टाईगर रिजर्व के संबंध में अधिकारियों की बैठक लेंगे।

....

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पैरालिम्पिक में महिला सिंगल्स एसएच–6 श्रेणी में नित्या श्रे सिवन को कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने उनकी सराहना करते हुए कहा कि इस उपलब्धि ने अनगिनत लोगों को प्रेरित किया है।

....

पाली में आज दिव्यांगों के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला कलेक्टर एल.एन. मंत्री ने बताया कि रानी पंचायत समिति में लगाए गए शिविर में स्वावलम्बन पोर्टल पर दिव्यांगों का पंजीकरण किया जा रहा है। इसमें दिव्यांगता प्रमाण पत्र और यूडीआईडी कार्ड जारी किये जा रहे हैं। इसके साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी शिविर में दी जा रही है। ये शिविर अलग–अलग स्थानों पर 30 सितम्बर तक आयोजित किये जाएंगे।

....

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत डीग में आज से बिजली विभाग की ओर से शिविर लगाया जा रहा है। तीन दिन तक लगने वाले इस शिविर में उपभोक्ताओं का रजिस्ट्रेशन, सोलर फाइल को ऑनलाइन चढ़ाने से लेकर सोलर मीटर की टेस्टिंग फीस जमा की जाएगी। विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता बीएल वर्मा ने बताया कि योजना के तहत सोलर पैनल लगाने पर 300 यूनिट तक फ्री बिजली दी जाएगी और बची हुई बिजली नेट मीटरिंग के माध्यम से वापस भेजने पर उपभोक्ता को पैसा मिलेगा। उन्होंने बताया कि घरेलू उपभोक्ताओं का इस योजना में अधिक से अधिक पंजीकरण करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया जा रहा है।

....

केन्द्र सरकार की पहल "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" के तहत "सुकन्या समृद्धि योजना" के खाते खोलने के लिए भीलवाड़ा–डाक मण्डल की ओर से एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि यह अभियान 30 सितम्बर तक जिला डाक मण्डल के सभी डाकघरों में चलाया जायेगा।

....

आकाशवाणी का क्षेत्रीय समाचार एकांश जयपुर आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है। तीन सितम्बर 1959 को इसकी स्थापना हुई थी। यहां से पहला समाचार बुलेटिन प्रसिद्ध कमेंटेटर जसदेव सिंह ने पढ़ा था। तब से लेकर अब तक की यात्रा में इस एकांश से प्रसारित होने वाले समाचार बुलेटिनों में समय और श्रोताओं की मांग के अनुसार बदलाव किये जाते रहे हैं। विशेष परिस्थितियों जैसे कोरोना काल, अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष और आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान श्रोताओं के संदेशों को भी बुलेटिनों में शामिल किया गया और इन संदेशों के माध्यम से लोगों में जागरुकता लाई गई। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले समाचार बुलेटिनों ने अपनी तथ्य परखता के कारण विशेष पहचान बनाई है। एकांश अपने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और वेबसाइट के माध्यम से समाचार और नित नई जानकारी उपलब्ध करा रहा है।

....